हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 21 सितंबर 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

14 प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर चलाया स्वच्छता अभियान



13 कलेक्टर ने उद्यान व चौपाटी निर्माण की धीमी ...



# सरस्वती साइकिल योजना से दूरदराज की बालिकाओं को मिली शिक्षा तक पहुंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा में कक्षा नवमीं की पात्र बालिकाओं को निशुल्क सायकल वितरण किया गया। निशुल्क साइकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच महेंद्र पाटिल थे। इस दौरान सरपंच महेंद्र पाटिल ने कहा कि यह योजना स्कूल शिक्षा विभाग की ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं के शिक्षा विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य किया है। पूर्व सरपंच व सेवानिवृत शिक्षक भास्कर सिंह ने सभी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि योजना का लाभ लेते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर शासन व पालक की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। इस उद्देश्य की पूर्ति को लेकर शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा में कक्षा-9वीं की पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, बीपीएल परिवारों की बालिकाओं को योजना के तहत साइकिल प्रदान किया गया, साइकिल प्राप्त करने बालिकाओं के पालकों, अभिभावकों की उपस्थिति बच्चों के लिए उत्साहित रोमांचित करने वाला क्षण था। रश्मि अग्रवाल, व्याख्याता, योजना प्रभारी (नि. स. सा. वि.) ने बताया कि इस सत्र में 35 बालिकाओं को योजना के अंतर्गत साइकिल प्रदान किया गया है।

## जेवरा स्कूल में किया गया 35 बालिकाओं को साइकिल वितरण




### ये रहे मौजूद

इस सुअवसर पर महेंद्र पाटिल, अध्यक्ष व सरपंच ग्राम पंचायत जेवरा, उदय भास्कर सिंह शिक्षाविद, प्रबल सिंह ठाकुर, प्रणय सिंह राणा सहित उपसरपंच, पंचगण गणमान्य नागरिक की गरिमामयी उपस्थिति में साइकिल वितरण किया गया। प्राचार्य सोमेश्वर देवांगन ने छात्रों से नियमित शाला में उपस्थित होकर शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करने की बात कही। इस अवसर पर शाला परिसर जेवरा के सभी व्याख्याता, शिक्षकगण सहित विद्यार्थियों ने करतल ध्वनियों से सभी का अभिनंदन किया।

## खबर संक्षेप

### 32 करोड़ रुपए का सिटी डेवलपमेंट प्लान अटका बैठक में पार्षद नदारद

**नवागढ़।** शुक्रवार को नगर पंचायत नवागढ़ में बुलाई गई सामान्य सभा की बैठक को पार्षदों की अनुपस्थिति के कारण स्थगित करना पड़ा। इस बैठक में 32 करोड़ रुपये की नगर विकास योजनाओं पर चर्चा होनी थी। बैठक के एजेंडे में नगर की सीसी सड़कें, सामुदायिक भवन, बाजार परिसर, पाइपलाइन विस्तार और स्ट्रीट लाइट जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल थीं। लेकिन, बैठक शुरू होने के लिए आवश्यक 'कोरम' (न्यूनतम उपस्थिति) पूरा नहीं हो पाया, जिसके कारण करोड़ों की ये योजनाएं फाइलों तक ही सीमित रह गईं।

### धान उपार्जन के खसरा सत्यापन अधिकारियों का प्रशिक्षण 22 को

**बेमेतरा।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन को पारदर्शी एवं सुगम बनाने शासन द्वारा नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों के अंतर्गत किसानों की ज़मीन के चिन्हांकित खसरा नंबरों का सत्यापन अब मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा। इसी कड़ी में बेमेतरा जिले में खसरा सत्यापन कार्य के लिए नियुक्त अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 सितम्बर सोमवार सुबह 10 बजे जिला पंचायत बेमेतरा स्थित सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। धान उपार्जन प्रक्रिया में खसरा सत्यापन एक अहम चरण है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि उपार्जन केन्द्रों में केवल वास्तविक किसानों की उपज ही खरीदी जाए। मोबाइल एप आधारित सत्यापन से किसानों के रकबे एवं पंजीयन की सटीकता सुनिश्चित होगी, अनियमितताओं पर रोक लगेगी, खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। इस व्यवस्था के सफल क्रियान्वयन के लिए सत्यापनकर्ता अधिकारियों को मोबाइल एप का उपयोग, उसमें उपलब्ध सुविधाओं और डेटा एंट्री की प्रक्रिया की जानकारी होना अनिवार्य है। इस प्रशिक्षण में राजस्व निरीक्षक (सर्व), पटवारी (सर्व) तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (सर्व) जिला बेमेतरा को शामिल किया जाएगा। इन अधिकारियों को मोबाइल एप इंस्टॉलेशन, लॉगिन प्रक्रिया, खसरा नंबर सत्यापन की तकनीक और रिपोर्टिंग की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी नियुक्त सत्यापनकर्ता अधिकारी उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

### हेरोइन के साथ युवक पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** हेरोइन की तस्करी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मोहन नगर पुलिस ने 246 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के सात शांति नगर निवासी यशराज सिंह को पकड़ा है। आरोपी 6 ग्राम चिट्टा जब्त किया है।

### नशीली दवा के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशीली दवा के साथ दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर डबरीपारा गंगोती जिला सूरजपुर निवासी सत्य प्रकाश और डेराबस्ती फरीदनगर सुपेला प्रकाश धुर्वे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने जुनवानी चौक के पास पकड़ा से 720 नग स्पास्मो टेबलेट, 210 नग नाइट्रोटेन टेबलेट नगदी 700 रुपए, बाइक सीजी 09 जेबी 5685, मोबाइल जब्त किया गया है। कुल सामानों की कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है। वहीं प्रकाश धुर्वे के पास 1 किलो 200 ग्राम 1200 रुपए जब्त किया गया। पुलिस की विवेचना जारी है।

### पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम खोजबीन में जुटी

# एनीकट पर साइकिल धोते समय बच्चा नदी की तेज धार में बहा, तलाश अभियान जारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस चौकी मुख्यालय नगर पंचायत देवकर से एक बड़ा मामला सामने आ रहा है, जहां पर शाम के वक्त सुरही नदी के एनीकट में एक 08 वर्षीय बच्चे मयंक देवांगन की तेज बहाव में डूब जाने की खबर शाम को प्राप्त हुई है।

जिसकी सूचना पर देवकर चौकी की पुलिस टीम के साथ मौके पर दुर्ग की एनडीआरएफ व बेमेतरा की एसडीआरएफ टीम भी घटनास्थल पर देर रात तक बच्चे की तलाश व खोजबीन में जुटी रही, किन्तु समाचार लिखे जाने तक सुरही नदी की तेज धारा में डूबे बच्चे का कोई सुराग नही मिल पाया है। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत के वार्ड-12 निवासी मयंक देवांगन(उम्र-08 साल) पिता गणेश देवांगन एनीकट में अपने साइकिल धोने के लिए गया था जिसको कुछ लोगो ने एनीकट में पानी की तेज बहाव में नीचे गिरकर नदी की धाराओं में समाते देखा, जिसके बाद घटनास्थल पर हड़कंप मच गई।

चूंकि एनीकट में पानी का बहाव ऊपर होने से एनीकट में फिसलन बहुत है सम्भवतः इसी कारण बच्चे का पैर फिसलने से हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल की स्थिति में लापता बच्चे को नदी में डूबेब कई घण्टे बीत जाने के बाद भी खोजबीन लगातार जारी है।

बताया जा रहा है कि नदी में डूबा मयंक देवांगन अपने घर मे पांच बहनों के बीच एकलौता था, जो काफी छोटा भी था, वहीं यह हादसा होने से परिजनों का काफी बुरा हाल है। इस संबंध में देवकर चौकी प्रभारी एएसआई उदल टांडेकर से बात की गई तो उनका कहना है कि घटनास्थल पर बेरिकेडिंग व लाइट की व्यवस्था कर लापता बच्चे की पतासाजी गोताखोरों द्वारा की जा रही है। जल्द ही नदी में डूबे बच्चे की तलाशी कर ली जाएगी।

### परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

मयंक को तेज बहाव में जाते देख दोस्तो ने बचाव बचाव चिल्ला कर मदद मांगी पर उस वक्त पास में किसी के नहीं होने से मदद नहीं मिल पाई और मयंक नदी में बह गया। नदी के उस पार कुछ दूर में मौजूद प्रत्यक्षदर्शी रोहित निषाद ने बच्चे को डूबते देखा तो परिजनों को सूचना दी। घटना के बाद परिजनों में जहां कोहराम मच गया वही परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल बना रहा । मयंक देवांगन कक्षा चौथी का छात्र था सूचना के 3 घंटे बाद पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने शाम करीब 5.30 खोजबीन शुरू की पर खबर के लिखे जाने तक मयंक का कोई पता नहीं चल पाया है।

### स्वास्थ्य मंत्री की पहल

# एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल हुई समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के कर्मचारियों का बीते 18 अगस्त से चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन समाप्त हो गया है। कर्मचारी अब अपने कार्यस्थलों पर लौट चुके है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर 33 दिनों से ज़ारी गतिरोध समाप्त हो गया और कुछ मांगों पर सहमति बनी।

- जिले के सभी कर्मचारी हड़ताल से वापसी कर ड्यूटी जवाइन किये

बची हुई मांगों पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए सभी मुद्दों पर सहमति बनाने एवं निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। शनिवार से उपस्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी स्वास्थ्य केंद्रों सहित जिला अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सेवाएं पूर्ण रूप से बहाल हो गई हैं। एक माह बाद आम मरीजों को पुनः सभी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होने लगी है। पिछले 18 अगस्त से लगातार 33 दिनों तक एनएचएम कर्मचारी नियमितीकरण, संविलियन, ग्रेड-पे, निर्धारण एवं लंबित 27% वेतनवृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित हुई थी। जिलाध्यक्ष पूरन दास एवं जिला प्रवक्ता बृजेश कुमार दुबे ने कहाँ की छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ने एनएचएम कर्मचारियों के इस निर्णय को स्वागतयोग्य एवं सराहनीय बताया है। उन्होंने कहा कि यह कदम आम जनता के हित में लिया गया है। साथ ही सभी बर्खास्त एवं नोटिस दिए गए एनएचएम कर्मचारियों की जल्द वापसी कराने का भी आश्वासन दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि "प्रदेश में मोदी की गारंटी है, कर्मचारियों की हर मांग पूरी की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने भी विश्वास दिलाया कि एनएचएम कर्मचारियों की मांगों पर शीघ्र ही निर्णय लेकर उन्हें पूरा किया जाएगा। कर्मचारियों ने इसे प्रदेश में विष्णुदेव सरकार के सुशासन और मोदी की गारंटी को समय रहते पूरा करने की दिशा में एक कदम बताया है ।

# कलेक्टर शर्मा ने समीक्षा बैठक में कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टोरेट के दृष्टि सभाकक्ष में सांसद एवं विधायक निधि अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई । कलेक्टर ने बैठक में आहता निर्माण, सामुदायिक भवन, सीसी रोड, नाली निर्माण एवं अन्य बुनियादी ढांचा विकास संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए पूर्ण किया जाए। विशेषकर जिन कार्यों में देरी हो रही है उन्हें प्राथमिकता से 15 दिनों के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत कार्य जनता की सुविधा और विकास से सीधे जुड़े होते हैं। इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- सांसद/विधायक निधि अंतर्गत स्वीकृत कार्यों पर हुई समीक्षा बैठक

अधिकारी स्थल निरीक्षण करें और प्रगति की वास्तविक जानकारी से अवगत रहें। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यों के पूरा होने की स्थिति की जानकारी नियमित रूप से कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराएं। साथ ही जिन कार्यों में तकनीकी या वित्तीय अड़चनें हैं, उन्हें तुरंत चिन्हित कर समाधान की दिशा में ठोस पहल करें कलेक्टर शर्मा ने कहा कि शासन की मंशा है कि विकास कार्य समय पर पूरे होकर जनता को सीधे लाभ दें। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने कार्यों की प्रगति की जानकारी साझा की और निर्धारित समय-सीमा में कार्यों की पूर्णता का भरोसा दिलाया।

### रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**बेमेतरा।** प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं में विशेष कर वीरता, शौर्य, साहस तथा महिलाओं में आत्मबल को सशक्त करने के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला के योगदान को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से प्रतिवर्ष राज्य अ लंकरण समारोह में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाना है। जिसके तहत एक महिला को सम्मान राशि 2.00 लाख रूपये एवं प्रशस्ति पत्र पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किया जावेगा। अतः जिले अंतर्गत उक्त क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं से कार्यालय जिला कार्यकम अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग जिला बेमेतरा में आवेदन आंमत्रित किया जाना हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 26 सितम्बर समय 05:00 बजे तक आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग जिला-बेमेतरा से संपर्क कर सकते है।

# भाजपा नेता योगेश ने केंद्रीय मंत्री मंसुख मांडविया से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



सर्व हिन्दू सनातन संगठन के अध्यक्ष एवं जिले के भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार एवं खेल मंत्री मंसुख मांडविया से सौजन्य भेंट की। इस मुलाकात में श्री तिवारी ने छत्तीसगढ़ विशेषकर बेमेतरा जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और बेरोजगार युवाओं के मुद्दों को विस्तार से रखा।

योगेश तिवारी ने चर्चा में कहा कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी खेल के हर क्षेत्र में असाधारण प्रतिभा रखते हैं, लेकिन उचित मार्गदर्शन और सुविधाओं के अभाव में उनकी प्रतिभा दबकर रह जाती है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि बेमेतरा सहित छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों एवं बड़े उद्योगों में प्राथमिकता दी जाए, जिससे उनका मनोबल बढ़े और वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकें। योगेश तिवारी ने यह भी सुझाव दिया कि राज्य में परंपरागत खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए बड़े पैमाने पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना चाहिए, जिससे ग्रामीण अंचलों की प्रतिभा सामने आएगी और स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए भी ठोस कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्थापित होने वाले नए उद्योगों में स्थानीय बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता मिले और इसके लिए स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए जाएं, ताकि जिले और राज्य में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हो सकें। इस दौरान तिवारी ने बेमेतरा जिले की राजनीति एवं सामाजिक परिस्थितियों पर भी चर्चा की और केंद्रीय मंत्री मांडविया को जल्द ही छत्तीसगढ़ एवं बेमेतरा आने का औपचारिक निमंत्रण दिया।

### श्रमिक सहायता योजना में एक लाख की गड़बड़ी उजागर

# फर्जीवाड़ा से सास को दिलाया लाभ और शासन को लगाया चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना में बेमेतरा जिले से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। श्रम कार्यालय में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी छलेश्वर साहू ने अपनी ही सास सुधामा बाई को योजना का लाभ दिलाने आवेदन कर डाला।

- एडिशनल कलेक्टर ने कहा- दर्ज करें आपराधिक प्रकरण
- आवेदन में मिली दामाद की लिखावट

जांच में यह मामला सच साबित हुआ और शासन को लगभग एक लाख रुपये की आर्थिक हानि होने की पुष्टि हुई है। नगर पालिका परिषद बेमेतरा की वार्ड क्रमांक 16 की पार्षद नीला कोठारी ने 18 अगस्त को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि श्रमिक सहायता योजना में अपात्र लोगों को लाभ दिलाने का खेल चल रहा है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने जांच शुरू की। 21 अगस्त को श्रम पदाधिकारी बेमेतरा ने स्थल निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि आवेदन पत्र में दर्ज पूरी लिखावट और संलग्न दस्तावेज़ों की हस्तलिपि छलेश्वर साहू की है। यानी योजना का आवेदन खुद दामाद ने अपनी सास के लिए भरा।

### अपात्र पाई गईं सुधामा बाई

जांच में सामने आया कि सुधामा बाई पिछले 20 साल से उसी मकान में रह रही हैं और उनके नाम पर बिजली कनेक्शन भी है। लेकिन जिस जमीन को आधार बनाकर योजना का लाभ लेने का प्रयास किया गया, वह कृषि भूमि निकली। इस पर कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ था। नियमों के अनुसार सुधामा बाई योजना की पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करती थीं। इसके बावजूद आवेदन कर शासन को गुमराह किया गया।

### शासन को एक लाख की चपत

जांच प्रतिवेदन में साफ कहा गया कि इस फर्जीवाड़े से शासन को लगभग एक लाख रुपए की हानि हुई है। अगर शिकायत समय पर न आती तो योजना का लाभ गलत तरीके से स्वीकृत हो जाता और वास्तविक श्रमिकों का हक मारा जाता।

### अब होगी आपराधिक कार्यवाही

जिला प्रशासन ने इस पूरे मामले को गंभीर अनियमितता माना है। एडिशनल कलेक्टर बेमेतरा ने विभागीय सचिव को रिपोर्ट भेजकर कहा है कि छलेश्वर साहू ने अपने पद का दुरुपयोग किया है और अपात्र व्यक्ति (अपनी सास) को लाभ दिलाने का प्रयास किया है। इसलिए उनके खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई के साथ-साथ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की सिफारिश की गई है।

### शहर में चर्चा और व्यंग्य

इस खुलासे के बाद बेमेतरा शहर में चर्चा तेज हो गई है। लोग व्यंग्य करते हुए कह रहे हैं योजना बनी श्रमिकों के लिए, लेकिन फायदा उठाने चलीं सास-दामाद की जोड़ी। तो कोई चुटकी ले रहा है अगर हर दामाद अपनी सास को सरकारी योजनाओं से खुश करने लगे, तो असली श्रमिक हाथ मलते रह जाएंगे।

# जेल में विचाराधीन बंदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**बेमेतरा।** रजत महोत्सव छत्तीसगढ़ के अवसर पर जिला जेल में विचाराधीन बंदियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय की टीम द्वारा किए गए इस शिविर में बंदियों को परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त जांच की सुविधा दी गई।

यह स्वास्थ्य शिविर सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. लोकेश साहू और जेल अधीक्षक राहुल पाण्डेय के निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर के दौरान 146 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें से 70 बंदियों की ब्लड शुगर, रक्तचाप, बुखार, सर्दी-खांसी, खुजली और दर्द जैसी समस्याओं की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य जिला चिकित्सालय के डॉ. सुभाष साहू और नर्सिंग ऑफिसर सुश्री दीपांजलि डेनियल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक राहुल पाण्डेय, फार्मासिस्ट सुश्री दीक्षा अंगारे, जेल प्रहरी स्टाफ, जिला चिकित्सालय के वाहन चालक कृष्ण कुमार वर्मा एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ऋषि कुमार उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### योजना के तहत मिलेगा 10 लाख तक का अनुदान

**कवर्धा।** केंद्र सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान अंतर्गत खाने की वस्तुएँ बनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना संचालित है। योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए जिले में 90 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि योजना अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कार्यरत व कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति योजना का लाभ ले सकते है।

### अवैध रूप से गांजा बिक्री, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** नशीले पदार्थों की अवैध रूप से बिक्री एवं तस्करी के मामले में पुलिस ने धरपकड़ अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत गांजा बिक्री करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर डोंगरगढ़ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 19 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली की महावीर तलाब हनुमान मंदिर बरझाड़ के पास डोंगरगढ़ में आरोपी फारूख खान उर्फ अज्जू 44 साल निवासी खुंटापारा अवैध रूप से गांजा बेचने के लिए अपने पास गांजा रखा हुआ है। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल कार्रवाई करते मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई कर घेराबंदी की। आरोपी को पकड़कर आरोपी से 0.972 ग्राम गांजा कीमती 9000 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 20(ख) एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### अवैध रूप से शराब परिवहन पुलिस की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** दुपहिया वाहन में अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने के दो मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। वहीं शराब व बीयर बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 19 सितंबर को पुलिस ने आरोपी गुलाबराम साहू 53 साल को शराब तस्करी करते पकड़कर कार्रवाई की है।

# एनएचएम कर्मचारी संघ की प्रमुख मांगें पूरी, महीनेभर चली अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नियमितीकरण सहित अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर गत 18 अगस्त से प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे एनएचएम कर्मचारियों ने पूरे एक महिने बाद 19 सितम्बर को प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ मांगों को लेकर बनी सहमति पर अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त कर दी है। प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा हड़ताल समाप्ति का निर्णय लिए जाने पर सभी ने राहत की सांस ली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने अपनी प्रमुख मांगों पर चर्चा की। चर्चा के बाद दोनो पक्षों में सहमति बनने के बाद हड़ताल समाप्ती की घोषणा संघ द्वारा कर दी गई है। वहीं संघ ने मांगे पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री श्री साय का आभार जताते हुए प्रदेशव्यापी हड़ताल वापस लिए जाने के निर्णय से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री श्री साय को प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि अब प्रदेशभर में एनएचएम कर्मचारी काम पर लौटेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारियों द्वारा हड़ताल समाप्त किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे सराहनीय और राज्यहित में उठाया गया कदम बताया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार हर कर्मचारी को अपने परिवार का हिस्सा मानती है और उनकी जायज मांगों के प्रति सदैव संवेदनशील रही है। उन्होंने कहा कि जनता का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और सरकार ने सदैव इस दिशा में ठोस पहल की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एनएचएम कर्मचारियों के इस निर्णय से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएँ और मजबूत होंगी तथा जनता को उत्कृष्ट और सुलभ चिकित्सा सुविधाएँ मिलेंगी।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों से छत्तीसगढ़ एक और बेहतर, स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होगा।

### कुछ मांगो को किया गया पूरा



उल्लेखनीय है कि एनएचएम कर्मचारी अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर गए थे। राज्य सरकार ने इनमें से चार मांगों को पूरा कर दिया है। तीन अन्य मांगों पर समिति गठित कर कार्यवाही प्रारंभ की गई है, जबकि संविलियन, पब्लिक हेल्थ केडर और आरक्षण संबंधी मांगों पर भारत सरकार से निर्णय लिया जाना है। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर हड़ताल समाप्त होने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य का प्रत्येक कर्मचारी परिवार का सदस्य है और एनएचएम कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर राज्यहित में सराहनीय निर्णय लिया है। इस अवसर पर विधायक किरण देव, छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ से डॉ अमित मिरी, डॉ रविशंकर दीक्षित, पूरन दास, कौशलेश तिवारी, हेमंत सिन्हा, दिनेश चंद्र, संतोष चंदेल, प्रफुल्ल पाल, डॉ देवकांत चतुर्वेदी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## बिफरे कांग्रेसियों ने की पूर्व सीएम बघेल से शिकायत

# डॉक्टर के इस्तीफे से बवाल, मिशन संडे के जरिये अवैध वसूली का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छुईखदान सामुदायिक केंद्र मे पदस्थ गायनिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के त्यागपत्र देने से खैरागढ़ और छुईखदान के कांग्रेसी नेता आमने सामने हो गए है। विधायक यशोदा वर्मा के निर्देशन और विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन के संयोजन मे गठित मिशन संडे टीम को टारगेट करते हुए उनका कहना है कि छुईखदान में निजी अस्पताल चलाने वाले एक डॉक्टर के कहने पर मिशन संडे टीम ने डॉ रजक की कलेक्टर से झूठी शिकायत की और मान सम्मान को ठेस पहुंचाया जिससे आहत होकर उन्होंने इस्तीफा दिया है। कांग्रेस नेता देवराज किशोर दास ने तो सीधे सीधे विधायक पर उंगली उठाते हुए कहा कि उनके इशारे पर संगठन के नेताओं को बिना जानकारी दिए मिशन संडे के नाम पर अवैध वसूली का खेल खेला जा रहा है। भ्रष्टाचार के मुद्दों को मिशन संडे टीम ने दबाव और अवैध वसूली का जरिया बना लिया है जिसके चलते मिशन संडे को कमीशन संडे के नाम से इलाके में जाना जाने लगा है। देवराज किशोर दास ने कहा कि छुईखदान मे निजी अस्पताल चलाने वाले डॉक्टर के कहने बोलने पर मिशन संडे ने युवा और शहर के होनहार सेवाभावी डॉक्टर को टारगेट किया सिर्फ इस वजह से कि उसके निजी अस्पताल मे मरीज आने कम हो गए।



### आरोप निराधार

मिशन संडे टीम पर लगाया आरोप पूरी तरह से निराधार और गलत है। जांच और कार्रवाई से बचने डॉक्टर ने त्यागपत्र दिया है।

**मनराखन देवांगन**
विधायक प्रतिनिधि व विधायक प्रवक्ता

### निजी अस्पतालों ने रची थी साजिश : देवराज किशोर दास



अस्पताल संचालन मे सबसे महत्वपूर्ण भूमिका मरीजों की आमद से ही होती है उन्हीं के इलाज के नाम पर निकले पैसे से स्टाफ को वेतन मिलता है। डॉ रजक की वजह से निजी अस्पताल की कमर टूट गई तो उसके संचालक ने कांग्रेस के मिशन संडे टीम से संपर्क किया। डॉक्टर रजक की झूठी शिकायत कराई और इसके बदले 15 अगस्त को खैरागढ़ ब्लाक के प्रधान पाठ बैराज मे बकरा भात और दारू की पार्टी दी। देवराज किशोर दास ने कहा कि मिशन संडे टीम कांग्रेस का बैनर टांगकर विधायक की सहमति से मुद्दों को उठाकर अवैध वसूली के लिए दबाव बनाती है उसके बाद कारवाई से पीछे हटने मनमाफिक वसूली कर रही है। उन्होंने बताया कि मिशन संडे टीम की कारगुजारियों को लेकर उन्होंने पूर्व सीएम भूपेश बघेल से मुलाकात कर इसकी पूरी जानकारी दी और बताया कि छुईखदान इलाके का ज्यादातर क्षेत्र वनांचल से आच्छादित है और भोले भाले ग्रामीणों की बसाहट है जो महंगा इलाज कराने मे असमर्थ है। जनवरी महीने मे शहर के ही युवा डॉक्टर समीर रजक ने स्वयं के व्यय पर बुजुर्ग मां बाप की देखरेख और इलाके के लोगों की सेवा करने की मानसिकता के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे पदस्थापना कराई। महज नौ महीने मे रिकार्ड सत्तर के आसपास संस्थागत सुरक्षित प्रसव उन्होने कराया है इस स्थिति मे उनके त्यागपत्र देने से सालो इंतजार बाद जो स्वास्थ्य सेवा मिल रही वो पूरी तरह से बाधित हो जाएगी। देवराज किशोर दास ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल से इस विषय को गंभीरता से लेकर मिशन संडे के नाम से अवैध वसूली करने वाले कतिपय कांग्रेसियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



# कवर्धा में पत्रकार व कैमरा मेन पर फिर जानलेवा हमला

## पुलिस 6 घंटे बाद दर्ज की एफआईआर

- दबंगों की दबंगई को शासन व पुलिस प्रशासन का संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भगवान जाने क्यों प्रदेश के गृह मंत्री के गृह जिले में लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माने जाने वाले पत्रकार न तो स्वतंत्र रूप से अपने दायित्वों का निर्वाहन कर पा रहे हैं और न ही अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। महज कुछ ही महिनो के अंतराल में यह दूसरा मौका है जब कवर्धा के एक और पत्रकार को दबंगो और रसूखदारों की दबंगई के साथ पुलिस प्रशासन की प्रताड़ना का सामना करना पड़ा।

घटना बीते शुक्रवार की शाम करीब 5.00 बजे की बताई जा रही है जब प्रतिष्ठित न्यूज चैनल आईएनएच के रिपोर्टर संजय यादव अपने कैमरा मेन के साथ उद्योगिक क्षेत्र में छीरपानी पानी बोतल कम्पनी एवं एसजीएम मसाला कंपनी में निर्मित पानी बोतल की गुणवत्ता संबंधी शिकायत की रिपोर्टिंग करने पहुंचे थे। बताया जाता है कि इस दौरान जब कम्पनी के संचालक संदीप गुप्ता व गणेश गुप्ता से पत्रकार श्री यादव ने पानी बोतल की गुणवत्ता को लेकर कुछ तीखे सवाल पूछे तो वे भड़क गए और उन्होने पत्रकार को पहले तो रिपोर्टिंग करने से रोका और बाद में उनके कैमरा मेन से दो मोबाईल फोन छीन लिए और तीसरा मोबाईल छीनने का भी प्रयास किया। इतना ही नहीं संचालकों ने श्री यादव का गला पकड़कर उन्हें मारने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान किसी तरह पत्रकार श्री यादव और उनके कैमरा मेन ने वहां से भाग कर अपनी जान बचाई और मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने सीधे कवर्धा कोतवाली पहुंचे। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि पीड़ित पत्रकार की रिपोर्ट दर्ज करने में कोतवाली को पूरे 6 घंटे लग गए। जबकि दूसरे पक्ष के दबंगो और रसूखदारों का आवेदन तत्काल लेकर कार्यवाही प्रारंभ कर दी। पूरे 6 घंटे बाद जब जिलेभर के पत्रकार कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की तब कहीं जाकर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया।

यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी कुछ माह पूर्व कवर्धा के एक और पत्रकार उत्तम चन्द्रवंशी को पेट्रोल पंप की रिपोर्टिंग के दौरान इसी तरफ से संचालक की दबंगई और पुलिस प्रताड़ना का सामना करना करना पड़ा था। ऐसे में निश्चित रूप से गृह मंत्री के गृह जिले में लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माने जाने वाले पत्रकार न तो स्वतंत्र रूप से अपने दायित्वों का निर्वाहन कर पा रहे हैं और न ही अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है।

### पत्रकारों ने दिया धरना सौंपा ज्ञापन

इस घटना के विरोध में कवर्धा के समस्त पत्राकारों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध और आक्रोश व्यक्त किया। धरना प्रदर्शन के बाद जिले के पत्रकार संगठनों ने एकजुट होकर प्रशासन से त्वरित और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पत्रकारों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि, दर्ज एफआईआर को तत्काल प्रभाव से मजबूत धाराओं में संशोधित किया जाए, छीरपानी बॉटल और एसजीएम मसाला कंपनी की निष्पक्ष व त्वरित जांच की जाए, आरोपी संदीप गुप्ता और गणेश गुप्ता को 24 घंटे में गिरफ्तार किया जाए, पीड़ित पत्रकार और उनके परिवार की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन ले, पत्रकारों ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपियों की गिरफ्तारी 24 घंटे में नहीं हुई तो जिलेभर के पत्रकार राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम और धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। पत्रकारों ने यह भी कहा है कि यह घटना लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला है और अगर प्रशासन तुरंत कार्रवाई नहीं करता तो इसकी गूंज राष्ट्रीय स्तर पर होगी।

# बोलेरो और बाइक में भिड़ंत तीन गंभीर, दो के टूटे पैर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रामपुर और सिवनी खुर्द के बीच शनिवार को एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। जिन्हें घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह ग्राम सरई पतेरा निवासी होमसिंग अपनी पत्नी और पुत्र के साथ मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे, इसी दौरान रामपुर-सिवनी खुर्द मार्ग में सामने से आ रही बोलेरो वाहन के अज्ञात चालक ने लापरवाही पूर्वक और तेज गति से वाहन चलाते हुए मोटर सायकल सवारों को अपनी चपेट में लेते हुए जबरदस्त टक्कर मार दी। तेज रफ्तार बोलेरो वाहन की टक्कर इस भीषण थी कि हादसे में होमसिंग और उनके पुत्र का पैर टूट गया, वहीं उनकी पत्नी को अंदरूनी चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बोलेरो चालक बखारीकोना (म.प्र.) का निवासी है, जो दुर्घटना के बाद मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटर सायकल बोलेरो के नीचे दब गई। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रेंगाखार में दाखिल कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एंबुलेंस रेंगाखार 108 ईएमटी सूरज धरमगढ़े और पायलट रोहित, एंबुलेंस साल्हेवारा 108 ईएमटी नागेश पाठक और पायलट इंद्राज यादव दोनों टीमों ने मिलकर घायलों को सुरक्षित जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में घटना स्थल पर जुट गए। इस सड़क हादसे में अभी तक पुलिसिया कार्यवाही की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।



# विकास केशरी जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार कवर्धा के युवा कांग्रेस नेता विकास केशरी को जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। श्री केशरी की नियुक्ति के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तथा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह द्वारा उन्हें नियुक्ति पत्र दिया गया। यहां बताना लाजिमी होगा कि विकास केशरी पूर्व में छात्र नेता रह चुके हैं और युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सहित अन्य पदों का दायित्व भी निभा चुके हैं। अब उन्हें संगठन में मौका दिया गया है। इस नियुक्ति पर श्री केशरी ने पार्टी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए दिए गए दायित्वों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पूरा करने की बात कही।

# गुरुकुल में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल सदैव ही विद्यार्थियों के साथ अपने शिक्षकों शिक्षिकाओं के शैक्षणिक हित को सर्वोपरि मानता रहा है। इसलिए समय-समय पर विभिन्न एजेंसियों के द्वारा शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित होता रहा है।



इसी कड़ी में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली के उत्कृष्टता केंद्र के तत्वावधान में विद्यालय परिसर में एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के तेल चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। विद्यालय प्रशिक्षण कार्यशाला की प्रभारी शिक्षिका ने सबका स्वागत करते हुए इस कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में गुरुकुल समेत क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के 60 शिक्षक शिक्षिकाओं ने अंशग्रहण किया। माध्यमिक शिक्षा परिषद दिल्ली के द्वारा प्रदत्त कुशल प्रशिक्षक फैजलुर रहमान खान तथा आलोक कुमार श्रीवास्तव ने शिक्षण पद्धति एवं शिक्षण शास्त्र पर सभी को प्रशिक्षण दिया।

विद्वान प्रशिक्षक द्वय ने विभिन्न क्रिया कलापों के माध्यम से पेडागोजी अर्थात शिक्षण कला के अंतर्गत शिक्षण की प्रक्रिया, शिक्षण के सिद्धांत तथा उनके व्यावहारिक ज्ञान को प्रभावशाली ढंग से समझाया।

उन्होंने बतलाया कि कक्षा में विद्यार्थियों को इस प्रकार शिक्षण सिद्धांत तथा शिक्षण तकनीक या शिक्षण विधियों से शिक्षण दिया जाए कि वे कठिन से कठिन विषयों को भी खेल खेल में सहजता से सीख सकें। कार्यशाला में विभिन्न शिक्षण विधियों के साथ ही शिक्षक केंद्रित एवं विद्यार्थी केंद्रित शिक्षा की बारीकियों को समझाया गया।

## संचालन प्री यूनिक एशिया प्राइवेट लिमिटेड ऑयल पाम खेती की बताई किसानों को तकनीक

# जिला पंचायत में ऑयल पाम खेती की उन्नत तकनीक पर कृषक संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

किसानों की आय को दोगुना करने और उन्हें उन्नतशील बनाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभागार कबीरधाम में ऑयल पाम खेती की उन्नत तकनीक पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्री यूनिक एशिया प्राइवेट लिमिटेड के जनरल मैनेजर संजीव कुमार गईन द्वारा किया गया। उन्होंने किसानों को ऑयल पाम की उन्नत तकनीक से अवगत कराया और इसकी महत्ता पर विस्तार से चर्चा की। संगोष्ठी की अध्यक्षता डोमन चंद्रवंशी, जिला अध्यक्ष, भारतीय किसान संघ ने की। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक ऑयल पाम खेती अपनाने का आह्वान किया। साथ ही उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया कि किसानों को छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों में हो रही ऑयल पाम खेती का भ्रमण कर तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि जिले में ऑयल पाम की अपार संभावनाओं का लाभ उठाया जा सके। इस अवसर पर बल्ला पटेल जो पिछले पांच वर्षों से ऑयल पाम की खेती कर रहे हैं, ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि ऑयल पाम से अच्छी आमदनी होती है तथा इसके साथ इंटरक्रॉप भी लिया जा सकता है।




उनके प्रेरक अनुभवों से उपस्थित किसानों ने सहमति जताते हुए ऑयल पाम लगाने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर मुख्य रूप से अमित मोहंती डीडीए, कृषि विभाग, हनुमंत उद्यानिकी विभाग, कुणाल ठाकुर प्रदेश महामंत्री, भारतीय किसान संघ, विकास चंद्रवंशी सदस्य, भारतीय किसान संघ, जीवन यादव जिला मंत्री, कबीरधाम, दिनेश चंद्रवंशी जिला उपाध्यक्ष, कबीरधाम मनहरण कौशिक जिला कार्यकारिणी सदस्य, प्रांजल सिंह ठाकुर उत्कृष्ट कृषक, कुणाल वैष्णव उत्कृष्ट कृषक सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# बैरख हाई स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत हाथ धुलाई कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

वनांचल में स्थित शासकीय हाई स्कूल बैरख में स्वच्छता पखवाड़ा 16 सितम्बर से 30 सितम्बर तक स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चल रहा है। जिसमें प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधि संचालित होती है। प्रति दिवस अध्यापन के साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा में स्वच्छता शपथ, विद्यालय, घर, मुहल्ले, सड़क, हैंड पंप, नदी तालाब की सफाई, जन जागरूकता रैली के माध्यम से स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है और लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास जारी है। इसी प्रकार आज विद्यार्थियों को स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत हाथ धुलाई कर स्वच्छता के महत्व को बताया गया।



भोजन के पहले एवं शौच के बाद हाथ को अच्छी तरह से साबुन से हाथ धोना चाहिए। सभी शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों ने भी साबुन से अच्छी तरह हाथ धुलाई कर, हाथ धुलाई के महत्व को समझा। कार्यक्रम में प्राचार्य सोहन कुमार यादव, व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर, शिक्षिका चमेश रावटे शिक्षिका मंजू नागवंशी एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### रूसे में जगराता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 23 को



**हरिभूमि कोलेगांव।** शारदीय नवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर द्वितीय दिवस 23 सितम्बर को मंडल कुण्डा स्तरीय आयोजन में पंडरिया विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सौजन्य से ग्राम रुसे में सुप्रसिद्ध लोक गायक पं विवेक शर्मा द्वारा जगराता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती भावना बोहरा शामिल होंगी। जिसमें आसपास के क्षेत्र ग्रामीण व समस्त कार्यकर्ता भाजपा एवं ग्रामवासियों ने विधायक श्रीमती भावना बोहरा का आभार व्यक्त किया।

### नेवारी में एक पेड़ मां के नाम पर 20 फलदार पौधारोपण किया गया



**हरिभूमि बरबसपुर।** प्रदेश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों का समावेश किया गया है, इसी कार्यक्रम कड़ी में गुरुवार को कवर्धा-ग्रामीण मंडल ग्राम नेवारी उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 23 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और धान खरीदी केंद्र नेवारी में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत 20 फलदार पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम मे आत्मादास मानिकपुरी कोषाध्यक्ष, बिरजू पटेल सोसायटी अध्यक्ष, सेवा पात्रे सरपंच, नाथूराम कौशिक, भुवनेश्वर धुर्वे, प्रदीप निषाद, दिलऊ राजपूत, योगेन्द्र, छबीलाल पटेल व भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

### पेण्ड्रीकला स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा के थीम पर कार्य आयोजित



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखण्ड पण्डरिया अंतर्गत शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला पेण्ड्रीकला में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ शासन उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार 15 से 30 सितंबर तक चलने वाली स्वच्छता पखवाड़ा की कार्य योजनानुसार प्रथम दिवस सभी शिक्षक एवं छात्राओं के द्वारा स्वच्छता पर शपथ लेते हुए अपने और अपने आस-पास की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। एवं दूसरे दिन हाथ धुलाई दिवस पर हाथ धोने का तरीका और महत्व को छात्र छात्राओं को बताया गया।

**निरीक्षण:** निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरे नहीं हुए तो सख्त कार्यवाही की जाएगी

# कलेक्टर ने उद्यान व चौपाटी निर्माण की धीमी गति पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शनिवार को कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भोजली तालाब के पास बन रहे उद्यान और नगर पालिका कार्यालय के सामने निर्माणाधीन चौपाटी का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 478.25 लाख रूपए की लागत से निर्माण कार्यो की प्रगति की विस्तार से जानकारी भी ली एवं अधिकारियों को कार्यो में प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने शहर की खूबसूरती और सांस्कृतिक पहचान के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कार्यो की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताई।

कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यो में ढिलाई अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नगर पालिका अधिकारी और ठेकेदार को कड़ी चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरे नहीं हुए तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि कुशल मानव संसाधन बढ़ाकर कार्य की गति तेज करें। निरीक्षण के दौरान चौपाटी स्थल पर अधूरे बिजली फिटिंग, आंतरिक गार्डनिंग और अन्य कार्य देखकर कलेक्टर ने कड़े शब्दों में नाराजगी जताते हुए कहा कि अलग-अलग कामों में सुस्ती की वजह से प्रगति रुक रही है, इसे तुरंत सुधारा जाए। साथ ही उन्होंने पालिका क्षेत्र के सभी डिवाइडरों की साफ-सफाई और रंग-रोगन तत्काल कराने के निर्देश भी दिए।

**धार्मिक आस्था और आधुनिकता का संगम बनेगा उद्यान**



भोजली तालाब के पास करीब 50 लाख रूपए की लागत से बन रहे उद्यान को धार्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप दिया जा रहा है। यहां विशाल हनुमान प्रतिमा स्थापित की जा रही है, जिसका रंग-रोगन और फिनिशिंग कार्य जारी है। दीवारों पर रामायण की गाथा चित्रों में सजीव हो रही है, जिससे उद्यान केवल गार्डन ही नहीं बल्कि आस्था और संस्कृति का भी केंद्र बनेगा। उद्यान में पाथवे, शोपीस, रंग-बिरंगे पौधे, जल सुविधा और लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। शाम के समय यह स्थल टहलने, विश्राम करने और सुकून पाने का प्रमुख स्थान होगा। वही नगर पालिका कार्यालय के सामने बन रही चौपाटी को आधुनिक स्वरूप देने का काम भी तेजी से चल रहा है। यहां बैठने, मनोरंजन और टहलने की सुविधाएं तैयार की जा रही हैं, ताकि यह स्थल शहरवासियों और आगंतुकों के लिए आकर्षण का नया केंद्र बन सके।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के साथ एसडीएम चेतन साहू, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता रंजीत घाटगे, तहसीलदार परमेश्वर मंडावी, नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू और संबंधित ठेकेदार उपस्थित थें।



# बैगापारा-पोलमी के ग्रामीण 20 दिनों से अंधेरे में ट्रांसफार्मर बना परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई कुकदूर

पंडरिया विधानसभा के ग्राम पंचायत पोलमी के आश्रित ग्राम बैगापारा के हालात व ग्रामीण बीते 20 दिनों से अंधेरे में रहने मजबूर है। यहां विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समाज के लगभग 80 से 90 घरों में रहने वाले ग्रामीण बिजली सुविधा से वंचित हैं। मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ले का ट्रांसफार्मर पिछले 20 दिनों से खराब पड़ा हुआ है। जिस पर ग्रामीणों ने सरपंच, उपसरपंच और अन्य जनप्रतिनिधियों के माध्यम से विभागीय अधिकारियों को सूचना दी गई, लेकिन स्थिति जस के तस बनी हुई है। साथ ही साथ पोलमी प्रवास के दौरान ग्रामीण रहवासियों ने विधायक श्रीमती भावना बोहरा के समक्ष समस्या रखी। जिस पर विधायक ने तत्काल मुख्य अभियंता से बात कर नया ट्रांसफार्मर लगवाने की व्यवस्था कराई, लेकिन दुर्भाग्यवश लगाया गया ट्रांसफार्मर भी फेल हो गया। ग्रामीणों द्वारा जब इस संबंध में जेई से चर्चा की गई तो उन्होंने केवल इतना कहा कि अभी नहीं लग पाएगा। लेकिन 20 दिन बीत जाने के बाद भी स्थिति में कोई सुधार नही आया। जिस कारण ग्राम बैगापारा के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समाज अंधेरे में रहने मजबूर है। वहीं उपसरपंच रामनाथ करायत सहित ग्रामीण रहवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगवाया जाए ताकि ग्राम बैगापारा में बिजली आपूर्ति बहाल की जाए।

### 2 अक्टूबर को सुप्रसिद्ध गायिका सीमा कौशिक की रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम व (जगराता) का आयोजन

**हरिभूमि पंडरिया।** मां महामाया दुर्गा उत्सव समिति व समस्त नगरवासी पंडरिया द्वारा शारदीय नवरात्रि व विजयादशमी के पावन अवसर पर नगर पंडरिया में भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रभु श्रीरामचंद्र की भव्य शोभायात्रा साथ ही आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया जाएगा साथ ही रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम (जगराता) छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध गायिका सीमा कौशिक कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल (पुराना हाई स्कूल) पंडरिया में 02 अक्टूबर को किया जाएगा। इस आयोजन में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा की उत्कृष्ट विधायक, धर्म संस्कृति के रक्षक विधायक श्रीमती भावना बोहरा की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न होगी। जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# पांडातराई में देर रात भीषण सड़क हादसा, एक युवक की मौत



■ विधायक भावना बोहरा ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल, इलाज जारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई

नगर के शराब भट्टी के पास शुक्रवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाकर मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया। हादसे में घायल वीरेंद्र कुंभकार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा युवक मोहन पटेल की हालत नाजुक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह हादसा एक मध्यप्रदेश पासिंग वाहन से हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और घायलों को मदद पहुंचाई। जानकारी मिलते ही विधायक भावना बोहरा तुरंत घटनास्थल पहुंची। वहीं उन्होंने स्वयं दोनों घायलों को अपनी गाड़ी से पंडरिया अस्पताल पहुंचाया और चिकित्सकों को तत्काल उपचार के निर्देश दिए। वहीं इलाज के दौरान वीरेंद्र कुंभकार ने दम तोड़ दिया, जिससे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं मोहन पटेल की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। विधायक के इस संवेदनशील और मानवीय कदम की लोगों सराहना की। उल्लेखनीय है कि विधायक बोहरा ने अपने कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मंडल में निःशुल्क एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई है, ताकि आपातकालीन स्थिति में मरीजों को तुरंत मदद मिल सके।

# मण्डल स्तरीय रक्तदान कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सेवा, समर्पण और त्याग के प्रतीक, करोड़ों देशवासियों की प्रेरणा, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा अंतर्गत रणवीरपुर मण्डल के ग्राम बाजार चारभाठा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सरपंच शिवम कुंभकार, विष्णु कौशिक, युगल दुबे, धीरज साहू, लक्ष्मण कुंभकार, कुलेश्वर ध्रुर्वे, अनिल मंडावी, चंद्रप्रकाश सिंह, हेमराज साहू, तिलक बघेल, श्रीमती शशि झारिया व मुकेश सिंह राजपूत ने शिविर में प्रमुख रूप से बीएमओं लोहारा डॉ योगेश साहू, डॉ शर्मा, डॉ विनोद चंद्रवंशी, रोशन दुबे जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 12, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एवं सभापति सुदर्शन कुम्भकार, मंडल महामंत्री धरमपाल कौशिक, जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष युवराज सिंह ठाकुर, सुदेश सिंह, सरपंच शिवम कुम्भकार, गजाधर कौशिक उपस्थित थें। सभी साथियों को मानव कल्याण कार्य में अपना योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

# नवनिर्वाचित महिला सरपंचों को महिला सशक्तिकरण के लिए दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

महिला हितैषी थीम पर डंगनिया स्थित प्रशिक्षण केन्द्र, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र कबीरधाम में नवनिर्वाचित महिला सरपंचों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन शक्ति के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है। इसमें महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, लैंगिक समानता को बढ़ावा देना, आर्थिक भागीदारी बढ़ाना तथा निर्णय लेने में समान अवसर प्रदान करना प्रमुख लक्ष्य हैं। मिशन शक्ति को सबल (सुरक्षा हेतु) एवं सामर्थ्य (सशक्तिकरण हेतु) नामक दो उप-क्षेत्रों में लागू किया गया है। इनके अंतर्गत विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें सखी वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना, छत्तीसगढ़ महिला कोष आदि शामिल हैं। प्रशिक्षण में महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर भी जानकारी दी गई। इसमें घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर उत्पीड़न अधिनियम 2013, पोक्सो एक्ट 2012, बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006 सहित विभिन्न अधिनियमों की जानकारी प्रदान की गई।

### सेवा पखवाड़ा में विशेष स्वच्छता अभियान की पहल



**हरिभूमि कवर्धा।** जिला भाजपा कबीरधाम के मार्गदर्शन में तथा जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा कबीरधाम के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा कबीरधाम द्वारा जिला चिकित्सालय परिषर में जिला स्तरीय स्वच्छता अभियान कार्यक्रम एवं जिला चिकित्सालय कबीरधाम में भर्ती मरीजों को फल व अन्य सामग्रियां वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री डॉ नारायण साहू के नेतृत्व में एवं ओबीसी मोर्चा प्रभारी सनत साहू के उपस्थिति में एवं इस कार्यक्रम में विशेष आतिथ्य के रूप में भाजपा जिला महामंत्री संतोष पटेल, जिला पंचायत सभापति डॉ वीरेंद्र साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, ओबीसी शहर अध्यक्ष व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, जयप्रकाश लोधी, गजपाल चंद्राकर, पूर्व पार्षद सुरेंद्र गुप्ता, लक्ष्मण यादव, दीपक सिन्हा पार्षद, बिहारी धुर्वे, कैलाश कौशिक, ईश्वरी धुर्वे, गोपाल साहू, मनहरण सेन, खेमराज साहू, गोलू यादव, भूपेंद्र, गोपी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# कुण्डा में स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा



गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा में स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही साथ विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजित की गई। स्वास्थ नारी सशक्त परिवार अभियान (एसएनएसपीए) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा एक ऐतिहासिक पहल है जिसमें महिला और बाल विकास मंत्रालय प्रमुख सहयोगी है, जिसका उद्देश्य पहुंच गुणवत्ता देखभाल और जागरूकता पर सुधार में ध्यान देने के साथ पूरे भारत में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ सेवाओं को मजबूत करना है। इस अभियान की शुरुआत 17 सितंबर बुधवार को प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन पर मध्यप्रदेश के धार से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया जो सशक्त समुदाय के लिए उनके दृष्टिकोण के अनुरूप है। इसी अभियान के तहत 18 सितंबर को जिला स्वास्थ्य केंद्र कबीरधाम के निर्देशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल कुण्डा में स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 405 किशोरी बालिकाओं ने भाग लिया कार्यक्रम के दौरान 73 बालिकाओं की हीमोग्लोबिन जांच की गई साथ बालिकाओं की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से चित्रकारी, रंगोली प्र ति यो गि ता मनोरंजन हेतु कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वही इस प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को डॉ जागृतिकांत एवं अजय अंचल द्वारा पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य गुरदीप सिंह मक्कड़ तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

**पंडरिया से मानसी गुप्ता व रागिनी चौरसिया अनुसंधान यात्रा में शामिल रहीं**

# छः दिवसीय विज्ञान अनुसंधान यात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

स्कूली छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में विज्ञान अनुसंधान यात्रा का आयोजन 13 से 18 सितंबर तक किया गया। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से विज्ञान क्विज द्वारा 54 विजेता छात्राओं का चयन किया गया एवं 9 जोन प्रभारी शिक्षिकाएं शामिल हैं। उक्त जानकारी कवर्धा जोन प्रभारी स्मृति अग्रवाल ने बताया कि कवर्धा जोन अंतर्गत बेमेतरा जिले से पीएमश्री सेजेस राठी श्रुति पाण्डेय और जाह्नवी देवांगन व कवर्धा जिले से पीएमश्री सेजेस पंडरिया से मानसी गुप्ता और रागिनी चौरसिया अनुसंधान यात्रा में शामिल रहीं। यात्रा का उद्घाटन डॉ सपन कर्माकर महानिदेशक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रीजनल साइंस सेन्टर छत्तीसगढ़ के द्वारा किया गया। इस पांच दिवसीय यात्रा में



छात्राओं को छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर रायपुर, बिरला प्लेनेटरियम कोलकाता, एसएन बोस इंस्टीट्यूट फॉर बेसिक साइंस, साहा इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स और साइंस सिटी, कोलकाता का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। जिसमें छात्राओं ने बिरला प्लेनेटरियम में तारामंडल, एसएन बोस इंस्टीट्यूट में रमन प्रभाव द्वारा प्रकीर्णन, इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी द्वारा सूक्ष्म कणों का अवलोकन, साहा इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स में परम शून्य ताप पे हीलियम का द्रवीकरण, प्रोटॉन बॉन्डिंग द्वारा डीएनए, लाइट मैटर इंटरेक्शन से परमाणवीय गुण और आयनों की ऊर्जास्तर, रडार प्रणाली, सिलिकॉन चिप के जगह इलेक्ट्रोमैग्नेटिक चिप का उपयोग, साइंस सिटी में नासा द्वारा भेजे गए मानवरहित यान वाइजर द्वारा ग्रहों का अध्ययन पर बनी संक्षिप्त फिल्म और विविध भौतिकी प्रदर्शनी पर जानकारी प्रदान की गई। संपूर्ण यात्रा जेपी रथ अतिरिक्त संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के मार्गदर्शन में केके शुक्ला व ओपी मिश्रा सहायक प्राध्यापक के नेतृत्व में डॉ वसीम रजा वरिष्ठ वैज्ञानिक सी एवं डॉ चंद्रवंशी वैज्ञानिक डी छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयोजन से सम्पन्न हुआ। संपूर्ण यात्रा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के नेतृत्व एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के सहयोग से सफल रही। छात्राओं की सकुशल वापसी पर पीएम श्री सेजेस पंडरिया के प्राचार्य जीआर साहू ने उनका स्वागत किया और शिक्षकों ने बधाई दी।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### स्कूल में मनाया हिन्दी दिवस

**चिचोला।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बजरंगपुर में शनिवार को हिंदी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हिंदी देश की एकता की कड़ी है, जो लोगों को एकसूत्र में जोड़ कर रखे हुए हैं। हिंदी विश्व की तीसरी भाषा के रूप में स्थान बना चुकी है। इस अवसर पर प्रधानपाठक हेमलाल सहारे, शिक्षक हुमनसिंह पिस्दा, गजेन्द्र चौधरी तथा शिक्षिका कांति साहू उपस्थित थी।

### गौ विज्ञान परीक्षा पर कार्यशाला

**छुरिया।** गौ विज्ञान परीक्षा के लिए विकास खंड के सभी स्कूलों के प्राचार्य, समन्वयक की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में संयोजक पारस वर्मा ने हायर सेकेंडरी स्कूल शिकारी माहका के बच्चों को परीक्षा के लिए प्रेरित करते हुए गौ माता के संवर्धन एवं संरक्षण की जानकारी दी गई। गौ उत्पाद को घर- घर तक पहुंचाने, अर्क के उपयोग, गोबर से जैविक खाद बनाकर किचन गार्डन में उपयोग करने आदि के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में बीईओ, जिला नोडल संतोष वर्मा, खंड नोडल लक्ष्मण साहू, अभय वाजपेयी, जिला सह संयोजक मोनेश साहू, खंड संयोजक मुनीराम यादव आदि शामिल हुए।

### कबड्डी स्पर्धा का आयोजन

**डोंगरगढ़।** ग्राम बांकलेड़ी में जय बाबा विश्वकर्मा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से विश्वकर्मा जयंती के मौके पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। स्पर्धा में खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या में पहुंच कर मैच देखा। इस आयोजन में ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा भी शामिल हुए। श्री सिन्हा ने खिलाड़ियों को गुलाल लगाकर उनका परिचय लिया और टास कराकर मैच की शुरूवात कराया। स्पर्धा में प्रथम स्थान घोटिया, द्वितीय देवकट्टा, तृतीय रीवागहन, चौथा स्थान डोंगापथरी की टीम रही। इस दौरान सरपंच गायत्री महोबिया, तेजराम सेदैया, पंचराम चंदेल, आनंदी ठाकुर, हरिचंद, ईश्वर नेताम, मनीराम, मनोज, परमेश्वर पटेल, मनबोध, गुमान कंवर, नंदकुमार पटेल, छेदीलाल पटेल, भानुप्रताप, मनोहर कंवर, खेमचंद लहरे, हेमलाल पटेल, प्रकाश कुंजाम, गोपाल कंवर आदि उपस्थित थे।

### जनता को गुमराह कर रही कांग्रेस

**डोंगरगढ़।** सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने कांग्रेस पर घटिया राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह कभी शराब, जुआ, सट्टा को लेकर आंदोलन करती है जबकि कई आंदोलनकारी अवैध कारोबार में खुद लिप्त हैं। कांग्रेस कारोबारियों के साथ मिलकर जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में बजरंगपुर नवागांव में हुए हत्याकांड को लेकर कांग्रेस जिस तरह से राजनीति कर रही वह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह वक्त राजनीति

**कार्यक्रम**

**भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने मिलकर चलाया स्वच्छता अभियान**

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से 2 अक्टूबर गांधी शास्त्री जयंती तक सेवा पखवाड़ा का पर्व चला रही है। इसी के अंतर्गत ग्राम पंचायत परपोड़ा में भारतीय जनता पार्टी देवरबीजा मंडल अध्यक्ष व सरपंच पंचायत संडी सेवा राम साहू के नेतृत्व में माता दरबार मां महामाया प्रांगण व ग्राम पंचायत परिसर में भाजपा के पदाधिकारियों जनप्रतिनिधिगण युवा साथियों व स्वच्छता मित्र दीदियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया।

सरपंच सेवा राम साहू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का उद्देश्य न केवल सफाई को बढ़ावा देना बल्कि नागरिकों के बीच स्वच्छता को निंरतर उत्सव के रूप में आत्मसात करना है। नीरज सिंह राजपूत ने कहा अस्वच्छ भारत की तस्वीरें भारतीयों के लिए अक्सर शर्मिंदगी की वजह बन जाती है। इसलिए स्वच्छ भारत के निर्माण एवं देश की छवि सुधारने का यह सही समय एवं अवसर है। यह अभियान न केवल नागरिकों को स्वच्छता संबंधी आदतें अपनाने बल्कि हमारे देश की छवि स्वच्छता के लिए तत्परता से काम कर रहे देश के रूप में बनाने में भी मदद करेगा।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, ग्राम सरपंच परपोड़ा डॉ फत्ते लाल साहू, बलदाऊ वर्मा, दुर्गा राम शिवारे, कला सेन, कमल साहू, हिमेन्द्र साहू, मनहरण साहू, मुकेश साहू, प्रियांशु राजपूत, शिव साहू, अर्जुन निषाद, अक्षय वर्मा, गांधी निषाद, अरुण साहू, मेहुल राजपूत, गुणेश्वर साहू, सिद्धू राजपूत सहित स्वच्छता मित्र उपस्थित थे।

### कन्या शाला देवकर में स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ आयोजन



**बेमेतरा।** स्वच्छता पखवाड़ा भारत में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाने वाला एक विशेष अभियान है वर्तमान में यह 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे देश में मनाया जा रहा है। जिसके दौरान सफाई कार्य, पौधा रोपण, जल संरक्षण, रैली आयोजन, आदि के द्वारा समाज में स्वच्छता को बढ़ावा देना एवं स्वच्छ भारत के निर्माण में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना मुख्य उद्देश्य है इसी स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर विकासखंड साजा के बच्चों ने चित्रकारी के माध्यम से संदेश दिया की स्वच्छता वास्तविक में सबसे बड़ी सेवा है। जिसमें देश का हर छोटा बड़ा व्यक्ति अपनी भागीदारी दे सकता है। साथ ही प्लास्टिक का उपयोग न करना, कूड़े दान का प्रयोग, पानी की सफाई व्यक्तिगत स्वच्छता पर्यावरणी स्वच्छता भी हमारे स्वयं की जिम्मेदारी है। साथ ही सुरक्षित शनिवार अंतर्गत शारीरिक दंड उसके कारण, प्रभाव एवं उपाय पर सीएसी प्रकाश कुंजाम द्वारा बच्चों को विस्तृत जानकारी दिया गया एवं शारीरिक दंड के उक्त आयामों को छात्राओं ने एक्ट के माध्यम से प्रदर्शित किया साथ ही समाज से स्वयंसेवी वीरेंद्र सिन्हा द्वारा पूरे शाला परिवार को योगाभ्यास कराया गया। प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल ने कहा कि बस्ता विहीन शनिवार बच्चों को शाला में ठहराव एवं सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण मार्ग है। हमारी शाला में प्रत्येक शनिवार बच्चों को कुछ नया सीखने का अवसर प्रदान किया जाता है। उक्त आयोजन में वीणा रावटे, प्रियंका, प्रकाश कुंजाम और शाला परिवार के बच्चे उपस्थित थे।

# एनीकट में कटाव से फसल को नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगढ़

पारागांव में सालों पहले बने एनिकट के दाए तट में पिछले 7- 8 साल से कटाव हो रहा है। कटाव के कारण किसानों की जमीन को नुकसान पहुंच रहा है साथ ही आवागमन में असुविधा हो रही है। ग्रामीणों के लगातार शिकायत करने के बाद भी अधिकारी समस्या के समाधान को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार हाल ही में सरपंच इंद्रजीत साहू इस संबंधस में आवेदन तहसील कार्यलय में दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन मामले को गंभीरता से नही लेता तो किसानों को आंदोलन का रूख करना पडेगा। ग्रामीणों ने बताया कि एनीकट के कारण फसल को नुकसान हो रहा है वही कटाव से आवागमन का रास्ता भी क्षतिग्रस्त हो चुका है।

गर्मी दिनों में एनिकेट में पानी कम होने के बाद निरस्तारी की समस्या खड़ी हो जाती है।

### प्रस्ताव भेजा गया

सिंचाई विभाग के एसडीओ एस सिद्धीक ने बताया कि एनीकट की मरम्मत का प्राकलन तैयार कर स्वीकृति के लिए राज्य सरकार को भेजा गया। स्वीकृति मिलते ही जल्द ही समस्या का हल निकाला जाएगा।

# अरजकुंड की साधना को जिपं अध्यक्ष नम्रता ने दिया संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला

अरजकुंड में एक कार्यक्रम के दौरान तब विशेष पल देखने को मिला, जब जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने गांव की दिव्यांग साधना से मुलाकात की। बिना पिता के पल-बढ़ रही साधना ने अपने हुनर और हौसले से सबका दिल जीत लिया।

साधना ने छोटी उमर में ही सिलाई, कपड़े बुनना, संगीत और अन्य कलाओं में विशेष पहचान बनाई है। उसकी मासूम मुस्कान और संघर्ष की कहानी ने सभी को भावुक कर दिया। इस अवसर पर नम्रता सिंह ने साधना को निःशुल्क ट्रायसिकल देने की घोषणा की और आश्वस्त किया कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ उस तक पहुँचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि साधना जैसी बेटियाँ ही समाज की असली ताकत हैं और उनके सपनों को पंख देने के लिए वह हमेशा साथ खड़ी रहेंगी। ग्रामीण ने भी इस पहल का स्वागत किया और साधना की प्रतिभा व संघर्ष को सलाम किया। साधना का जज़्बा न केवल अरजकुंड बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणा बन गया है।



**साधना जैसी बेटी सबको मिले**

इस बच्ची की आँखों में जो चमक है, वही आने वाले कल की उम्मीद है। साधना जैसी बेटियाँ हमारी असली शक्ति हैं और सदैव उसके साथ खड़ी रहूँगी। - **नम्रता सिंह,** अध्यक्ष, जिला पंचायत

# भिंभौरी महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ की रजत जयंती पर समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



नवीन शासकीय महाविद्यालय भिंभौरी में छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत भिंभौरी के संदीप परगनिहा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर ठाकर, सहायक प्राध्यापक जीएस भारद्वाज अन्य प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों ने "मेरे सपनों का छत्तीसगढ़" विषय पर निबंध, कविता एवं वाद-विवाद प्रस्तुत किए। जिनके परिणाम इस प्रकार रहे भाषण प्रतियोगिता प्रथम स्थान पर चिंतामणि निषाद बीए अंतिम वर्ष, पोस्टर प्रतियोगिता प्रथम स्थान पर धनेश्वरी साहू बीएससी तृतीय सेमेस्टर, हाना प्रतियोगिता प्रथम स्थान लोकेश्वरी बीएससी प्रथम सेमेस्टर, निबंध प्रतियोगिता प्रथम स्थान हेमलता निषाद बीए प्रथम सेमेस्टर, रंगोली प्रतियोगिता प्रथम स्थान धनेश्वरी साहू एवं चेतना पाटिल बीएससी तृतीय एवं प्रथम सेमेस्टर, क्विज प्रतियोगिता प्रथम स्थान बीए संकाय के छात्र है। प्राचार्य डॉ. समीर ठाकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि /"छत्तीसगढ़ राज्य ने पिछले 25 वर्षों में शिक्षा, संस्कृति और विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने छात्रों को राज्य के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेते हुए ज्ञान और कौशल के माध्यम से समाज सेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि संदीप परगनिहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि /"युवा पीढ़ी ही छत्तीसगढ़ की असली ताकत है।छत्तीसगढ़ राज्य के उज्वल भविष्य के लिए प्रेरणादायी संदेश दिया। सहायक प्राध्यापक जीएस भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ का अस्तित्व प्राचीन है और इसकी संस्कृति, परंपरा एवं लोककला देश की धरोहर है।

छत्तीसगढ़ तभी बढ़िया बनेगा जब यहाँ की युवा पीढ़ी शिक्षा, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ेगी तथा अपनी जड़ों से जुड़ी रहेगी। राज्य का वास्तविक विकास तभी संभव है जब हम अपनी पहचान और संस्कृति को सुरक्षित रखते हुए आधुनिकता को अपनाएँ। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने राज्य की गौरवशाली संस्कृति का सम्मान करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती उत्सव को यादगार बनाया।

# ग्रामीणों को सायबर फ्राड और बीमा की दी जानकारी



**खडगांव।** समाज सेविका निलीमा जैन ने शेरपार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने सायबर फ्राड और बीमा की जानकारी दी। कार्यक्रम में 15 महिलाएं और 39 पुरूष शामिल हुए। इस दौरान बुकलेट, पाम्पलेट का वितरण करते हुए बचत, निवेश, डिजिटल लेन देन, नेट बैंकिंग, मुद्रा लोन, इंटरप्रेनोर लोन, शिक्षा लोन, बैंक की योजनाऐं, बैंकिंग सेवा आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पेंशन योजना, अटल पेंशन योजना, एनपीएस, एनपीएस वात्सल्य, पीपीएफ के बारे में बताया। उन्होंने एटीएम के इस्तेमाल, आधार कार्ड, पेन कार्ड की जरूरत की भी जानकारी दी।

# बिजली गिरने से चार गौवंश की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सड़क अतरिया

ग्राम बगदूर में शनिवार को बिजली गिरने से चार गौवंश की मौत हो गई। यह घटना उस वक्त हुई जब गांव का चारवाहा मवेशियों को चराने जंगल खार की ओर गया था। घटना से चारवाहा स्तब्ध रह गया। वह सुरक्षित है। जानकारी के अनुसार चारवाहा सुन्दरू रोज की तरह मवेशियों को चराने जंगल में अचानकपुर खार की ओर डोरीपाट गया था। दोपहर लगभग एक बजे मौसम में बदलाव आया और बादल छाने के साथ तेज हवा चलने लगा। इसी बीज तेज गर्जना भी होने लगी थी। चारवाहा मवेशियों को सुरक्षित ले जाने का प्रयास कर रहा था तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरने से चार मवेशी अचेत होकर गिर गए। चारवाहा ने कुछ देर बाद घटना की सूचना ग्रामीणों को दिया। ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो चार मवेशी मृत पडे थे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस एवं पशु विभाग को दिया। मृत चारों मवेशी बगदूर के नायक पटेल, रामकुमार, दफेदार और आनंद के है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने पशु पालकों से मुलाकात कर घटना की जानकारी लिया।

### दुखद घटना, मिलेगा मुआवजा

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने बगदूर की घटना को दुखद बताते हुए कहा कि प्रावधान के अनुसार घटना की चपेट में आए पशु पालकों को मुआवजा मिलेगा। उक्त घटना में चारवाहा सुन्दरू यादव की जान बाल बाल बची। घटना के वक्त वह मवेशियों के समीप ही था। उसके काफी नजदीक ही आकाशीय बिजली गिरी थी जिसकी चपेट में आने से वह बच गया।

### झुमरकोन्हा में भी चार मवेशियों की मौत

इसी प्रकार ग्राम झुमरकोन्हा में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से 4 मवेशियों की मौत होने की जानकारी मिली है। इस घटना में एक गाय, एक बैल तथा दो बछिया बिजली की चपेट में आने से मौत के मुंह में समा गए। मृत मवेशी झुमरकोना के पशुपालक दरबारी गोड़, राजेन्द्र, विदेशी राम के है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, सरपंच संतु पटेल ने मौके पर पहुंच कर पशु पालक से मुलाकात किया। मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

**एल्युमिनी मीट का आयोजन**

# कमला कॉलेज में हुआ पूर्व छात्राओं का आत्मीय मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित रजत जयंती समारोह की श्रृंखला में शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एल्युमिनी मीट (पूर्व छात्र मिलन) का भव्य आयोजन किया गया। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कुल 60 पूर्व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



कार्यक्रम की जानकारी देते एल्युमिनी एसोसिएशन की प्रभारी प्राध्यापक डॉ. हरप्रीत कौर गरचा ने बताया कि इस अवसर पर एसोसिएशन की अध्यक्ष शारदा तिवारी, उपाध्यक्ष संध्या देशपांडे, कोषाध्यक्ष वर्षा अग्रवाल तथा संयुक्त सचिव डॉ. सोनल मिश्रा ने संगठन की गतिविधियों को विस्तार देने पर जोर दिया और अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान पूर्व छात्राओं ने महाविद्यालय में बिताए अपने छात्र जीवन की सुनहरी यादें साझा की और उस दौर के प्राध्यापकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### विधायक बनकर पहुंची कल की

डोंगरगढ़ विधायक व पूर्व छात्रा हर्षिता स्वामी बघेल ने भी एल्युमिनी मीट में विशेष रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला लोक अदालत राजनांदगांव की जज नेहा गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते सोशल मीडिया के प्रति सचेत रहने की सलाह दी। पूर्व छात्रा छाया वर्मा को एल्युमिनी एसोसिएशन द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में संगठन के दायरे को और अधिक व्यापक बनाने की बात कही। महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष मणिभास्कर गुप्ता ने आभार प्रकट करते कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से संस्था और पूर्व छात्राओं के मध्य संबंध और अधिक मजबूत होते हैं। कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य शीतल पारख, सीमा डोल्हे, भारती गौते, रूचि जैन सहित कई आजीवन सदस्यगण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बसंत कुमार सोनबेर ने किया। आयोजन को सफल बनाने में आबेदा बेगम, महेन्द्र मेश्राम, डॉ. बृजबाला उइके तथा डॉ. नीता एस. नायर की सराहनीय भूमिका रही।

### कलकसा में सेवा केन्द्र का शुभारंभ

**डोंगरगढ़।** सेवा पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत कलकसा में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ महात्मा गांधी, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू थी। इस दौरान अशोक साहू, सरपंच उमा धुर्वे, दयाराम मंडावी उपस्थित थे। ग्रामीणों को श्री साहू, सरपंच श्रीमती धुर्वे और जिपं उपाध्यक्ष श्रीमती साहू ने संबोधित किया।

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
किडनी फेलयर (ARF/CRF)
डायलिसीस
बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
नेफ्रोटिक सिंड्रोम
हाई बीपी (HIGH BP)
PCNL
AV FISTULA
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी
कालडा हॉस्पीटल में
जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक 28 अक्टूबर 2025, 10 नवंबर 2025, 16 दिसंबर 2025, 18 जनवरी 2026, 11 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411